# झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्,राँची (झारखण्ड)

## द्वितीय सावधिक परीक्षा (2021- 2022)

**मॉडल प्रश्न पत्र** **सेट - (1)**

| कक्षा-9 | विषय- हिन्दी (ए) | समय- 1 घंटा 30 मिनट | पूर्णांक- 40 |
|---|---|---|---|

सामान्य निर्देश:-

- परीक्षार्थी यथासंभव अपनी ही भाषा शैली में उत्तर दें |
- इस प्रश्न पत्र के तीन खण्ड हैं | सभी खण्ड के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है |
- सभी प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने उपांत में अंकित है |
- प्रश्नों के उत्तर उसके साथ दिए निर्देशों के आलोक में ही लिखें |
- 2 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में, 3 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में , 5 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में एवं 6 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों मे दें |

खंड – क (अपठित बोध) 3x2 =6

नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :-

दैनिक जीवन में हम अनेक लोगों से मिलते हैं, जो विभिन्न प्रकार के काम करते हैं - सड़क पर ठेला लगाने वाला, दूध वाला, नगर निगम में सफाई कर्मी, कार्यालय कर्मी, स्कूल अध्यापक ,हमारे सहकर्मी और कई अन्य लोग । शिक्षा, वेतन, परंपरागत चलन और व्यवसाय के स्तर पर कुछ लोग निम्न स्तर पर कार्य करते हैं, तो कुछ उच्च स्तर पर | वास्तव में पद महत्वपूर्ण नहीं होता बल्कि कार्य के प्रति समर्पण और ईमानदारी से किये गए कार्य में पारदर्शिता ही महत्वपूर्ण होती है । इस संदर्भ में गांधी जी से अच्छा और उत्कृष्ट उदाहरण किसका दिया जा सकता है, जिन्होंने अपने हर कार्य को गरिमामयी माना । उन्होंने अपने सहयोगियों को श्रम की महिमा बतलाई । दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के लिए संघर्ष करते हुए उन्होंने सफाई करने जैसे कार्य को भी कभी नीचा नहीं समझा और इसी कारण स्वयं उनकी पत्नी कस्तुरबा से भी उनके मतभेद हो गये थे | बाबा आमटे ने भी समाज द्वारा तिरस्कृत कुष्ठ रोगियों की सेवा में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया | सुंदरलाल बहुगुणा ने अपने

प्रसिद्ध "चिपको आंदोलन" के माध्यम से पेड़ों को संरक्षण प्रदान किया | इनमें से किसी ने भी कभी कोई सत्ता प्राप्त नहीं की, बल्कि अपने जनकल्याणकारी कार्यों से लोगों के दिलों में शासन किया और अमर हो गए।

**प्रश्न 1.** गाँधीजी की पत्नी का क्या नाम था ?

**प्रश्न 2.** दैनिक जीवन में लोगों को हम कौन- कौन से कार्य करते हुए देखते हैं ?

**प्रश्न 3.** बाबा आमटे और सुन्दर लाल बहुगुणा अपने किन – किन कार्यो के लिए जाने जाते हैं ?

## खंड- ख (पाठ्यपुस्तक)

**प्रश्न 4.**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें - 4 x 3=12

(क) बालिका मैना ने सेनापति हे को अपने कौन-कौन से तर्क देकर महल की रक्षा के लिए प्रेरित किया ?

(ख) महादेवी वर्मा उर्दू फ़ारसी क्यों नहीं सीख पाई?

(ग) कोयल की कूक सुनकर कवि की क्या प्रतिक्रिया थी ?

(घ) "बच्चे काम पर जा रहे हैं" कविता के आधार पर कवि क्या बतलाना चाह रहा है ?

(ङ) सखी ने गोपी से कृष्ण का कैसा रूप धारण करने का आग्रह किया था ?

(च) मैना जड़ पदार्थ मकान को बचाना चाहती थी पर अंग्रेज उसे नष्ट करना चाहते थे | क्यों ?

**प्रश्न 5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें - 2 x 3 = 6

(क ) "रीढ़ की हड्डी" शीर्षक एकांकी के द्वारा लेखक ने समाज के किन बुराइयों की ओर संकेत किया है ?

(ख) गरीब आदमी का शमशान नहीं उजड़ना चाहिए ? आशय स्पष्ट करें |

(ग) समाज में महिलाओं को उचित गरिमा दिलाने हेतु आप कौन-कौन से प्रयास कर सकते हैं ?

खंड - ग(रचना) 1x5=5

**प्रश्न 6.** चार दिनों के अवकाश हेतु प्रधानाचार्य को एक आवेदन पत्र लिखें।

**अथवा**

अपनी छोटी बहन को समय के **सदुपयोग** की सलाह देते हुए एक पत्र लिखें।

**प्रश्न 7.**दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें (शब्द सीमा - 150) 1 x 6= 6

पर्यावरण प्रदूषण - एक गंभीर समस्या
(संकेत बिंदु :अर्थ प्रदूषण के प्रकार प्रदूषण के कारण सुधार के उपाय, उपसंहार)

**अथवा**

कंप्यूटर एक वरदान (संकेत बिंदु - भूमिका, आविष्कार, उपयोग, दुष्परिणाम, उपसंहार)

**अथवा**

स्वच्छता का महत्व (संकेत बिंदु – भूमिका, अर्थ, लाभ, स्वच्छ न रहने के, दुष्परिणाम, उपसंहार)

**प्रश्न 8** विद्यालय में स्वच्छता अभियान को लेकर दो मित्रों के बीच हुए संवाद को लिखिए।
1x 5= 5

**अथवा**

कोरोना महामारी के विषय में दो मित्रों के बीच हुए संवाद को लिखिए।